# निर्यातक एक मंच से जानकारी ले सकेंगे

## सुविधा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आयात व निर्यात से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी एक ही जगह उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नया पोर्टल शुरू किया है। बुधवार को वाणिज्य मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म को लांच किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, जिसके लिए व्यापार से जुड़े हर प्रक्रिया को सुगम बनाए जाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। यह प्लेटफॉर्म सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है। मंत्री ने कहा कि मंच पर सीमा शुल्क, उससे जुड़े नियमों, उत्पाद और किन देशों में उत्पादों को निर्यात करने की संभावनाएं हैं और मुक्त व्यापार समझौते से लेकर अन्य सभी जानकारी उपलब्ध होंगी। अगले वर्ष तक पोर्टल का दूसरा संस्करण पेश होगा, जिसमें ज्यादा सेवाएं मुहैया कराने की कोशिश होगी।

## छोटे विक्रेताओं की आकांक्षाओं की रक्षा करेंगे: गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकार 10 करोड़ छोटे खुदरा विक्रेताओं के हितों की रक्षा करेगी जिन्हें बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने पिछले महीने ई-कॉमर्स कंपनियों की आलोचना की थी और उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि इनकी वजह से देश में छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान हो रहा है। गोयल भारत-अमेरिका व्यापार परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।